## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क से तीन फीट नीचे गड्ढे में गिरा कलेक्टर की कार, बाल–बाल बची कलेक्टर

**कवर्धा (आरएनएस)।** लोहारा थाना क्षेत्र के रणवीरपुर के पास सड़क से तीन फीट नीचे गड्ढे में संयुक्त कलेक्टर की कार गिर गई है। इस घटना में संयुक्त कलेक्टर दीप्ति गवते बाल-बाल बच गई हैं। उन्हें हादसे में मामूली चोटें आई हैं। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे की वजह पुल निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही को बताया जा रहा है। सड़क के किनारे लगभग तीन फिट गहरा गड्ढा होने के बावजूद उसे भरा नहीं गया था। बताया जा रहा है कि यहां सड़क को लेबल नहीं किए जाने की वजह से आए दिन इस तरह के हादसे होते रहते हैं।

### आग तापने के दौरान जले युवक की हुई मौत

**कोण्डागांव (आरएनएस)।** जिला के ग्राम बमनी निवासी युवक आग तापने के दौरान आग में गिर जाने से जल गया, जिसके बाद उसे मेकाज उपचार के लिए लाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बमनी निवासी जेठूराम पटेल 36 वर्ष जो 30 नवबंर की रात्रि 09 बजे घर के आंगन में आग ताप रहा था कि अचानक आग में गिरने से घायल हो गया, जिसे मेकॉज लाया गया, जहां उपचार के दौरान आज मौत हो गई, पुलिस ने शव के पीएम करने के बाद परिजनों को शव सौप दिया है।

### महिलाओं को बीसी खिलाने के नाम पर एक युवती ने की लाखों की ठगी

**महासमुंद (आरएनएस)।** बसना थाना क्षेत्र में महिलाओं को बीसी खिलाने के नाम पर एक युवती ने लाखों रुपए की ठगी कर ली है। महिलाओं को जब ठगी का एहसास हुआ तो इसकी लिखित शिकायत बसना थाने में दर्ज कराई गई। श्वेता वैष्णव की शिकायत के मुताबिक फरवरी 2021 में भाग्यवंती पटेल उर्फ भावना पटेल निवासी बाराडोली जोगीदादर ने बीसी खिलाने के नाम पर सोशल मीडिया में महिलाओं का एक ग्रुप बनाया। इसमें कई महिलाओं को जोड़ा गया। इसी ग्रुप में श्वेता वैष्णव को भी जोड़ा गया।बीसी खिलाने के नाम पर 10 हजार रुपए प्रतिमाह लिया गया। साथ ही कई लोगों से 30-30 हजार रुपए भी लिए गए। कुछ दिन बाद ही अचानक महिलाओं को सोशल मीडिया ग्रुप से हटा दिया गया। जब कुछ महिलाओं ने ऐसा करने का कारण पूछा तो भावना ने ब्रॉडकास्ट ग्रुप बनाने की बात कही। इसके कुछ दिन बाद उसने बातचीत करना ही बंद कर दिया। इसके बाद महिलाओं को ठगी का एहसास हुआ। इनमें से श्वेता वैष्णव ने मामले की लिखित शिकायत बसना थाने में दी है। बसना टीआई लेखराम ठाकुर ने कहा कि शिकायत प्राप्त हुई है। जांच पड़ताल करने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### एक लाख का इनामी स्थाई वारंटी नक्सली मिलिशिया कमांडर गिरफ्तार

**सुकमा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत् 201 वाहिनी कोबरा, डीआरजी का बल नक्सल अभियान में चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रावगुड़ा , रेवालीपारा से हत्या, आईईडी विस्फोट स्पाइक लगाना, पुलिस पार्टी फायरिंग सहित, कई नक्सली घटनाओं में शामिल स्थायी वारंटी 01 लाख का ईनामी नक्सली मिलिशिया कमांडर गोन्से हुंगा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर सुकमा एसपी सुनील शर्मा के द्वारा भी 05 हजार का ईनाम घोषित था, जिस पर चिंतलनार थाने में पांच मामलों में अपराधिक प्रकरण दर्ज है, न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंटों की तामिल कर चिंतलनार थाने में कार्यवाही के उपरांत आज न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# नोडल अधिकारी नियमित रूप से करें खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण-कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़।** धान खरीदी केन्द्रों के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी नियमित रूप से खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। वहां खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेने के साथ किसानों से भी फीडबैक लेंगे। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो इसके लिए प्रत्येक अधिकारी जिन्हें खरीदी केन्द्रों का नोडल बनाया गया है वे केन्द्रों में खरीदी से जुड़ी व्यवस्थाओं की निगरानी पर विशेष ध्यान देंगे। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी के साथ ही उठाव व मिलिंग का काम भी पूरी तेजी से करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में किसानों के केसीसी निर्माण के संबंध में लीड बैंक मैनेजर से जानकारी ली। उन्होंने कम संख्या में केसीसी निर्माण पर गहरी नाराजगी जतायी तथा केसीसी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन, उद्यानिकी व मत्स्य पालन से जुड़े किसानों के भी पृथक से केसीसी बनाने के मिले लक्ष्य को भी जल्द पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने बैठक में गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। गौठानों में तैयार वर्मी कम्पोस्ट का भंडारण समितियों में करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठानों में पशुधन के लिए सूखे चारे के इंतजाम के मद्देनजर पैरादान को तेजी से पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने फारेस्ट के गौठानों में भी कम से कम 20-20 वर्मी टैंक बनाकर कम्पोस्ट उत्पादन करने के लिए कहा।

कलेक्टर सिंह ने पुलिस तथा आरटीओ को ओव्हर लोडिंग गाड़ियों पर लगातार कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने अवैध धान परिवहन पर भी निगरानी रखने तथा कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु रिटेल काउंटर के रूप में तैयार किए जा रहे सी-मार्ट को शुरू करने के लिए भूमि का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। जिससे निर्माण कार्य की प्रक्रिया आगे बढ़ायी जा सके। उन्होंने मेडिकल कालेज में उपयोगी तकनीकी विशेषज्ञता आधारित ट्रेड को कौशल विकास के तहत शामिल करने के निर्देश दिए। जिससे इच्छुक छात्रों को ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ मेडिकल कालेज के लिए मैन पावर तैयार किया जा सके।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**एम्बुलेंस की करें मेपिंग -** कलेक्टर सिंह ने शासकीय के साथ प्राइवेट अस्पतालों के तथा अन्य सभी निजी एम्बुलेंस में जीपीएस इस्टाल करवाने के लिए कहा। जिससे एम्बुलेंस की मेपिंग की जा सके व मरीज की आवश्यकतानुसार करीब के एम्बुलेंस को उसे अटेंड करने के लिए भेजा जा सके। उन्होंने कोविड की आगामी संभावित लहर के मद्देनजर मरीजों के उपचार हेतु सभी व्यवस्थाएं बनाकर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने वेन्टीलेटर, फ्लोमीटर, मल्टीपैरा तथा अन्य सभी उपकरणों को सुचारू स्थिति में रखने के लिए निर्देशित किया। विदेशों से आने वालों की नियमित जांच करने व कांटेक्ट ट्रेसिंग का काम पूरी गंभीरता से करने के लिए कहा।

**हमर लैब की मरीजों को मिले जल्द सुविधा-** उन्होंने अस्पतालों में तैयार किए जा रहे हमर लैब की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लैब संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर ली गई है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर सिंह ने लोगों की सुविधा के लिए अस्पतालों में वैकल्पिक व्यवस्था के साथ लैब संचालन करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों को भी जल्द पूरा करने की बात कही। कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों तथा बड़े भवनों में फायर सेफ्टी के लिए किए जा रहे जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिसके आधार पर फायर सेफ्टी नार्म्स पूरा नहीं करने वाले संस्थानों पर कार्यवाही की जा सके।

## आपसी रंजिश में बच्चो की हत्या के आरोपी 6 माह बाद भी गिरफ्त से बाहर

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के भोपालपटनम थाना क्षेत्र से 03 किलोमीटर दूर ग्राम रामपुरम में 25 मई 2021 को एक 12 वर्ष के बच्चे की कुल्हाड़ी से कई वार कर बेरहमी से हत्या कर गांव से एक किलोमीटर दूर जंगल में फेंक दिया गया था। बच्चे के परिजनों का कहना है कि हत्या के संबध में कुछ लोगों पर शक है, जिनसे पूछताछ होनी चाहिए, घटना के 06 माह बीत जाने के बावजूद हत्या के आरोपियों को पुलिस पकड़ने में नाकाम रही, जिससे माता-पिता शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुरम निवासी उमेश झाड़ी पिता अशोक झाड़ी उम्र 12 वर्ष 25 मई 2021 को अपने दोस्तों के साथ गांव में खेल रहा था। उसके माता-पिता काम से अन्य गांव गए हुए थे, माता-पिता वापस लौटने के बाद जब बच्चा घर पर नहीं मिलने पर गांव में ढूंढने पर कहीं नहीं मिला। 26 मई 2021 को सुबह 06 बजे गांव के ही पास जंगल में बच्चे के शव मिला था। शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मर्ग कायम कर विवेचना में लियागया था। तब प्रथम दृष्टया बच्चे की हत्या आपसी रंजिश में किये जाने की बात सामने आई थी। स्थानिय लोगों और परिजनों को भी कुछ लोंगों पर हत्या का शक है, लेकिन 06 माह के बाद भी हत्या के आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर हैं। प्रश्न यह उठता है कि क्या नक्सली इलाका होने के कारण भी पुलिस हत्या के आरोपियों तक पंहुचने में नाकाम हो रही है।

भोपालपटनम थाने के टीआई विनोद एक्का ने कहा कि बच्चे की हत्या के आरोपियों की तलाश जारी है, जंगल में ले जाकर बच्चे की बेरहमी से हत्या की गई थी जंगली इलाका का इलाका होने से हत्या के आरोपियों तक पहुंच पाने में देरी हुई है। जांच जारी है, पुलिस जल्द ही हत्या के आरोपियों को तक पहुंच जाएगी।

## दो महिलाओं की हत्या करने के बाद आरोपी ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** डबरा थाना क्षेत्र के खरकेना गांव में दो महिलाओं की घर के कमरे में लाश मिलने से इलाके में सनसनी मच गई है। मृतक दोनों महिलाएं आपस मे सास और बहू है। साथ ही शव के शरीर पर चाकू के कई निशान मिले है। आरोपियों ने दोनों महिलाओं की हत्या करने के बाद आरोपी ने खुद भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल डबल मर्डर की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची हुई है और जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक यहां पर मृतिका संतोषी रत्नाकर और उसकी सास गुरुवारी बाई का मकान है। पड़ोस में ही लक्ष्मण भारद्वाज का भी घर है। आरोपी लक्ष्मण को शंका थी कि संतोषी रत्नाकर के बेटे के साथ आरोपी की पत्नी का नाजायज संबंध है। कुछ दिनों पहले ही इसी बात को लेकर आरोपी का अपनी पत्नी के साथ विवाद भी हुआ था, जिसके बाद उसकी पत्नी भागकर कहीं चले गई थी। इस बात से आरोपी काफी डिप्रेशन में था। सोमवार की रात आरोपी अपने पड़ोस में हत्या करने की नीयत से घुसा था। इस दौरान कमरे में सभी सो रहे थे, आरोपी कमरे में घुसा और गुरुवारी बाई, संतोषी रत्नाकर की चाकू घोपकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी संतोषी के बेटे के कमरे में गया, लेकिन उसका कमरा अंदर से बंद था, जिसके बाद वो वहां से निकल गया। डबल मर्डर करने के बाद आरोपी अपनी पत्नी की हत्या करने के लिए इसके मायका खरसिया निकल गया। इस बीच रास्ते मे ही उसने जहर खा लिया। इधर जैसे ही पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली तो खरसिया पुलिस ने आरोपी को बेहोसी के हालत में हॉस्पिटल में भर्ती कराई। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है।

## कुसमुंडा गोली कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में डीजल माफिया साजिद खान ने पुलिस को बदनाम करने और अपने विरोधियों को फंसाने की साजिश के तहत अपने ही आदमी पर गोली चलवाई। 28 नवंबर के रात्रि करीब 10:30 बजे प्रार्थी सुमित चौधरी पिता मुरारी चौधरी निवासी चकरभाठा बिलासपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल को फोन के माध्यम से सूचित किया गया कि कुसमुंडा रेलवे साइडिंग के पास आरोपीगण अशरफ खान, राजा खान एवं अभिषेक आनंद के द्वारा प्रार्थी को जान से मारने की नीयत से गोली मारा गया है जो उसके जांघ में गोली लगी है । पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा तत्काल थाना प्रभारी कुसमुंडा निरीक्षक लीलाधर राठौर , सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू एवं सर्वमंगला चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विभव तिवारी को मौके पर भेजा एवं घायल को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती कराकर उपचार कराने एवम मामले के आरोपीगण को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए ।

पूछताछ पर प्रार्थी सुमित चौधरी ने बताया कि वह दिनांक 28-11-2021 को अपने साथी दूजराम साहू के साथ बुलेट मोटर साईकल से कोरबा से बिलासपुर जा रहा था , कुसमुंडा रेलवे साइडिंग के पास कुछ लोगों को खड़े देखकर साइडिंग के अंदर गया । जहां पर राजा खान अशरफ अशरफ खान अभिषेक आनंद एवं कुछ अन्य लोग खड़े थे जिनके साथ बातचीत के दौरान द्वारा पूर्व रंजिश को लेकर अशरफ खान के द्वारा सुमित सुमित चौधरी को गोली मार दिया गया । गोली सुमित चौधरी के जांघ में लगा । प्रार्थी सुमित चौधरी और दूजराम साहू ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई सुमित चौधरी के रिपोर्ट पर थाना कुसमुंडा में अप क्र 569/2021 धारा 307,34 भा द वि ,25,27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ किया गया । प्रार्थी के द्वारा बताए गए घटनाक्रम घटनास्थल का निरीक्षण ,चिकित्सकीय रिपोर्ट,बैलेस्टिक एक्सपर्ट की रिपोर्ट एवं अन्य परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर प्रारंभ से ही लग रहा था कि मामला झूठा है, प्रार्थी द्वारा किसी बड़ी साजिश के तहत मामले में नामजद आरोपियों को फंसाने हेतु साजिश रचा गया है । मामले में पुलिस ने मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ मुस्सू पिता रफी उल्ला खान निवासी धनवारपारा कोरबा एवं सुमित कुमार चौधरी उर्फ चुंडी पिता मुरारी चौधरी निवासी चकरभाठा बिलासपुर ,पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने विवेचना में शामिल टीम को 10 हजार रुपए नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

उक्त मामले को सुलझाने में थाना प्रभारी कुसमुंडा निरीक्षक लीलाधर राठौर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह ,सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कृष्णा साहू,प्र आर कृपा शंकर दुबे, आरक्षक वीरेंद्र पटेल, विकास कोसले , योगेश राजपूत, बिपिन बिहारी नायक ,गौरव चंद्रा, आकाश वर्मा, विशाल वर्मा, महेंद्र चंद्रा, शीतल राज, दुष्यंत कंवर एवम पुष्पेंद्र पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## दोहरीकरण के कारण 8 से कई ट्रेन नहीं चलेंगी

**महासमुंद (आरएनएस)।** संबलपुर से हीराकुद सेक्शन में दोहरीकरण परियोजना का काम 8 दिसंबर से शुरू होने वाला है, जो 14 दिसंबर तक चलेगा। इसकी वजह पुरी रूट पर चलने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। वहीं, कुछ को डायवर्ट कर चलाया जाएगा। फिलहाल जवाद तूफान के कारण रूट में चलने वाली ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इस रूट में चलने वाली ट्रेनें 2 दिसंबर से रद्द की गई हैं। फिलहाल अभी ट्रेनों के परिचालन का आदेश नहीं आया है, क्योंकि फिर 8 दिसंबर से कुछ ट्रेनों का परिचालन बंद व प्रभावित रहेगी। संबलपुर डिविजन के जनसंपर्क अधिकारी त्रिबिक्रम सेठ ने बताया कि 8 से 14 दिसंबर तक संबलपुर व हीराकुद सेक्शन के बीच दोहरीकरण का काम चलेगा। कुछ ट्रेनों के परिचालन रद्द रहेगा। सोमवार को कुछ ट्रेनों के परिचालन प्रभावित रहेंगे, फिलहाल उसका नाम अभी नहीं आया है। जानकारी के अनुसार 8 से 14 दिसंबर तक दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस अप-डाउन दोनों का परिचालन नहीं होगा। इसके अलावा बिलासपुर व कोरापुट की ओर से आने वाली ट्रेनों का भी परिचालन बंद रहेगा। वहीं अहमदाबाद-पुरी ट्रेन विजयनगरम जंक्शन व खुर्दा रोड जंक्शन से होते हुए पुरी पहुंचेगी है। वहीं विशाखापट्नम अमृतसर हिराकुंड एक्सप्रेस को भी परिवर्तित कर दिया गया है। जोधपुर-पुरी झारसुगड़ा होकर चलेगी।

## बेकाबू होकर सड़क से उतरी बस, 40 यात्री घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** पाली के चैतुरगढ़ मार्ग पर सोमवार सुबह हुए हादसे में बस में सवार करीब 40 यात्री घायल हो गए। बस का संचालक एक ही नंबर पर दो अलग-अलग बस चला रहा था। जिसका खुलासा इस दुर्घटना में घायल यात्रियों ने ही किया। हादसे के बाद नंबर प्लेट के ऊपर स्टीकर चिपकाया गया जिसमें दूसरा नंबर लिखा हुआ था। इसके पीछे की वजह तो संचालक ही बता सकता है लेकिन कहीं न कहीं यह एक बड़ी धोखाधड़ी है।



जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे पाली थाना क्षेत्रांतर्गत चैतुरगढ़ मार्ग पर कोहनी मोड़ के पास मान सर्विस की बस क्रमांक सीजी.10 एएस 0952 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस में सवार स्कूली छात्राओं सहित 40 यात्रियों को चोटें आई हैं जिनमें से तीन को अधिक चोट लगी है। घायलों को पहले लाफा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां से इन्हें संजीवनी 108 एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली भेजा गया। इस पूरे घटनाक्रम में चौंकाने वाली बात यह रही कि जो बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है उसके आगे और पीछे नंबर प्लेट के ऊपर पीले रंग के चिपके रेडियम में अलग नंबर सीजी.10 जी.1660 लिखा हुआ था और स्टीकर को निकालने पर खुरचा हुआ अलग नंबर सीजी.10 एएस.0952 नजर आया।

बस स्टैंड में खड़ी बसः-इसी खुरचे हुए नंबर की एक और बस घटना के समय ही पाली के बस स्टैंड में खड़ी थी। घटनास्थल पर मौजूद यात्रियों के बताए अनुसार दुर्घटना के तत्काल बाद चालक द्वारा आनन-फानन में खुरचे हुए नंबर प्लेट के ऊपर अलग नंबर का स्टीकर चिपकाया गया। उक्त मान सर्विस की बस का नंबर परिवहन विभाग के एप में सर्च करने पर दोनों नबर कैलाश चंद्र जायसवाल के नाम पर पंजीकृत होना पाया गया है। बहरहाल सड़क दुर्घटना के मामले में पाली पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।




## राज्य सरकार कृषि क्षेत्र सहित इससे जुड़े हर उद्यम के विकास के लिए कृत-संकल्पित : मुख्यमंत्री

**» मुख्यमंत्री राइस मिलर्स एसोसिएशन सम्मान समारोह में हुए शामिल**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शाम राजधानी स्थित एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। समारोह में मुख्यमंत्री बघेल को राइस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा राज्य में कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 रूपए से बढ़ाकर 120 रूपए किए जाने पर अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह सौंपा गया।

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रुंगटा, प्रमोद अग्रवाल, रोशन चन्द्राकर सहित प्रदेशभर से एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था में किसानों के साथ-साथ राइस मिलर्स का भी अहम स्थान है। इसकी मजबूती के लिए हमारी सरकार द्वारा किसानों के साथ-साथ राइस मिलरों को भी मजबूत करने के लिए हरसंभव पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र के चौतरफा विकास के लिए कृत-संकल्पित है। इसका आशय हम केवल किसानों की उत्पादकता और आय में बढ़ोत्तरी के लिए ही काम नहीं कर रहे है, बल्कि कृषि क्षेत्र से जुड़े हर उद्योग और उद्यम के विकास के लिए भी काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू होने के बाद हर साल धान का उत्पादन बढ़ रहा है। वर्ष 2018 में हम लोगों ने 80 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की थी, 2019 में हमने 83 लाख मीटरिक टन धान खरीदा, 2021 में 92 लाख मीटरिक टन धान की रिकार्ड खरीदी हुई। इस साल हमारा अनुमान 01 करोड़ 05 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का है। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह कठिन चुनौतियों के बावजूद राज्य में रिकार्ड धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए केन्द्र सरकार सवा पांच लाख गठान जूट बारदाने की मांग की गई है, लेकिन अभी तक केवल 86 हजार गठान जूट बारदाने की आपूर्ति की गई है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राइस मिलों का सीधा संबंध हमारे खेतों से हैं। राइस मिलों की समस्याएं भी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई समस्याएं ही हैं। इसीलिए हमने वादा किया था कि राइस मिलों से जुड़ी हर समस्या का निराकरण पूरी संवेदना और प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।